# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 10.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में खेलों के बुनियादी ढांचे का विस्तार देश को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का एक लेख साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को केन्द्र में रखकर देश में खेलों के बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है।

********************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज हम रक्षा में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हैं; भारत को वैश्विक शक्ति बनाना। एक रिपोर्ट

********************

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस दौरान सरकार ने महिला सशक्तिकरण, रक्षा, कृषि और गरीब कल्याण जैसे क्षेत्रों में अहम उपलब्धियां हासिल की हैं। स्मृति ईरानी ने महिलाओं को सेना में स्थायी कमीशन, सुकन्या योजना और ड्रोन दीदी योजना से जोड़ने को बड़ी पहल बताया।

********************

बोकारो में पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को देश के मान और स्वाभिमान को बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पहले सेना के हाथ बांध दिए जाते थे, लेकिन अब उसे खुली छूट है, और ऑपरेशन सिंदूर इसका उदाहरण है। उन्होंने डबल इंजन की सरकार के लाभ का उदाहरण छत्तीसगढ़ को बताया, जहां नक्सल समस्या लगभग खत्म हो चुकी है।

********************

गुमला जिले में 10 जून से 15 अक्टूबर तक मॉनसून सत्र के दौरान श्रेणी–1 और श्रेणी–2 के बालू घाटों से बालू उठाव पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददता–

********************

मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के उत्तर–पश्चिमी भागों में गरज के साथ हल्की वर्षा और तेज हवाएं चलने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक बारिश 38 दशमलव 8 मिलीमीटर चाकुलिया में और अधिकतम तापमान 41 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया।

***************